# जल्दी खुले दरबार सांवरे भजन लिरिक्स

है अब तो यही इंतज़ार सांवरे,
जल्दी खुले दरबार सांवरे,
तेरा जल्दी खुले दरबार साँवरे।bd।

तर्ज – चलता रहूँ तेरी ओर सांवरे।

---

हाथ जोड़ कर करूँ प्रार्थना,
अब तो सांझ सवेरे,
जल्दी से जल्दी हो जाए,
अब तो दर्शन तेरे,
ह्रदय की मेरे ये पुकार सांवरे,
ह्रदय की मेरे ये पुकार सांवरे,
जल्दी खुले दरबार साँवरे,
तेरा जल्दी खुले दरबार साँवरे।bd।

---

अपने मन की सारी बातें,
बाबा तुम्हे बताऊँ,
के बीती कैसे बीती,
थाने इक इक बात बताऊँ,
दिल व्याकुल बड़ा बेक़रार सांवरे,
दिल व्याकुल बड़ा बेक़रार सांवरे,
जल्दी खुले दरबार साँवरे,
तेरा जल्दी खुले दरबार साँवरे।bd।

---

सबके मन की हो सुनते प्रभु,
मेरी भी सुन लीजे,
दर्शन करने की है ख्वाइश,
पूरी से कर दीजे,
बिनती 'टीके' की करो स्वीकार सांवरे,
हाँ ये अर्ज़ी करो स्वीकार सांवरे,
जल्दी खुले दरबार साँवरे,
तेरा जल्दी खुले दरबार साँवरे।bd।

---

है अब तो यही इंतज़ार सांवरे,
जल्दी खुले दरबार सांवरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com